Roll No. ......................

# 11006

## कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2024-25

[051]

# HINDI

# हिन्दी

[Total No. of Questions: 23] [Total No of Printed Pages: 08]

[Time: 03 Hours] [Maximum Marks: 80]

*निर्देश –*

*(i) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के लिए आवंटित अंक उसके सम्मुख अंकित हैं।*

*(iii) प्रश्न क्रमांक 1 से 5 तक 32 वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उप–प्रश्न पर 1 अंक निर्धारित है।*

*(iv) प्रश्न क्रमांक 6 से 15 तक कुल 10 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 2 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 30 शब्द है।*

*(v) प्रश्न क्रमांक 16 से 19 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 3 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 75 शब्द है।*

*(vi) प्रश्न क्रमांक 20 से 23 तक कुल 4 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न पर 4 अंक निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग 120 शब्द है।*

*(vii) प्रश्न क्रमांक 6 से 23 तक सभी प्रश्नों के आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

प्र.1 सही विकल्प का चयन कर लिखिए – (1×6=6)

(i) 'एक कंठ विषपायी' के रचनाकार हैं –

(अ) दुष्यंत कुमार (ब) नागार्जुन

(स) त्रिलोचन (द) भवानी प्रसाद मिश्र

(ii) 'इमेज' शब्द प्रयुक्त है –

(अ) शब्द गुण के लिए (ब) शब्द शक्ति के लिए

(स) बिम्ब के लिए (द) अलंकार के लिए

(iii) मियाँ नसीरुद्दीन के दादा साहिब का नाम था –

(अ) मियाँ बरकत (ब) मियाँ कल्लन

(स) मियाँ रहमान (द) मियाँ रसूल

(iv) 'मत' शब्द है –

(अ) निपात (ब) तकनीकी

(स) क्षेत्रीय (द) देशज

(v) बेबी हालदार अपने मालिक को कहती थी –

(अ) तातुश (ब) अर्जुन दा

(स) जेठू (द) रजत दा

(vi) पटकथा की मूल इकाई होती है –

(अ) कथा (ब) संवाद

(स) दृश्य (द) कथानक

प्र.2 रिक्त स्थानों की पूर्ति कर लिखिए – (1X6=6)

(i) 'आओ मिलकर बचाएँ' का हिन्दी रूपान्तर.................................से किया है।

(अशोक सिंह / आनंद यादव)

(ii) 'बिहारी सतसई'................................................ है। (मुक्तक काव्य / महाकाव्य)

(iii) ................................ मास्टर त्रिलोक सिंह का चहेता शिष्य था। (मोहन / धनराम)

(iv) खाना–पीना...................................................शब्द युग्म है। (सजातीय / विजातीय)

(v) मिथिला की चित्रकारी में..............................चित्रकला बहुत प्रसिद्ध है। (गोंडी / मधुबनी)

(vi) मुक्तिबोध की रचना का नाम...........................................................................है।

(एक साहित्यिक की डायरी / पैरों में पंख बाँधकर)

प्र.3 निम्नलिखित कथनों के समक्ष सत्य या असत्य लिखिए – (1X6=6)

(i) कन्नड़ भाषा में 'अक्क' शब्द का अर्थ बहिन होता है।

(ii) गजल की विधा को हिन्दी में प्रतिष्ठित करने का श्रेय दुष्यंत कुमार को ही जाता है।

(iii) विदाई–संभाषण पाठ का अंश 'शिवशंभु के चिट्ठे' से नहीं लिया गया है।

(iv) शब्द शक्ति तीन प्रकार की होती है।

(v) रेजाणीपानी पीने योग्य होता है।

(vi) आनुषंगिक टिप्पण कार्यालयी लेखन और प्रक्रिया में लिखा जाता है।

प्र.4 सही जोडी का मिलान कर लिखिए – (1×7=7)

| स्तम्भ (अ) | स्तम्भ (ब) |
|---|---|
| (i) लौह कथा | (क) एक प्लेट सैलाब |
| (ii) कलकत्ते पर बजर गिरे | (ख) अवतार सिंह पाश |
| (iii) विशेषोक्ति | (ग) लता मंगेशकर |
| (iv) मन्नू भण्डारी | (घ) चंपा |
| (v) परमाणु | (ङ) बायोडेटा |
| (vi) गानपन | (च) अलंकार |
| (vii) स्ववृत्त | (छ) तकनीकी शब्द |

प्र.5 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए – (1×7=7)

(i) कवि भवानी प्रसाद मिश्र को जेल–प्रवास के दौरान कौनसी पीडा सताती है?

(ii) रस के अंगों के नाम लिखिए।

(iii) अमित को हिन्दी में कितने अंक मिले थे?

(iv) जामुन का पेड़ कहाँ गिरा था?

(v) 'रिचा' की शुद्ध वर्तनी लिखिए।

(vi) ब्रह्ममुहुर्त में कौनसा राग गाया जाता है?

(vii) हिन्दी वर्णमाला में संयुक्ताक्षर 'क्ष' शब्द लोक में कब आते हैं?

प्र.6 किस काव्य संग्रह के प्रकाशन से प्रयोगवाद का आरम्भ माना जाता है? उसके संपादक का नाम भी लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

निर्गुण काव्य धारा की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

प्र.7 मानव शरीर का निर्माण किन पंच तत्त्वों से हुआ है? (2)

<u>अथवा</u>

मीरा जगत को देखकर रोती क्यों है?

प्र.8 प्रबन्ध काव्य के भेद स्पष्ट कर एक–एक उदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

ओज गुण की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.9 श्रृंगार रस के कितने भेद होते हैं? उनके नाम लिखकर एक–एक उदाहरण लिखिए। (2)

अथवा

वक्रोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

प्र.10 नाटक के तत्त्वों के नाम लिखिए। (2)

अथवा

जीवनी और आत्मकथा में कोई दो अंतर लिखिए।

प्र.11 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन–सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है और क्यों? लिखिए। (2)

अथवा

भारतमाता पाठ के आधार पर भारतमाता की जय का क्या अर्थ है? लिखिए।

प्र.12 क्षेत्रीय शब्द किसे कहते हैं? कोई दो उदाहरण देकर लिखिए। (2)

अथवा

संयुक्त वाक्य किसे कहते हैं? उदाहरण देकर लिखिए।

प्र.13 राजभाषा तथा राष्ट्रभाषा में कोई दो अंतर स्पष्ट कीजिए। (2)

अथवा

दिए गए मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए –

(1) कमर कसना

(2) खून पसीना एक करना

प्र.14 कुंई का मुँह छोटा रखने के कोई दो कारण लिखिए। (2)

अथवा

चित्रपट संगीत एवं शास्त्रीय संगीत में दो अंतर लिखिए।

प्र.15 जनसंचार के दो कार्य लिखिए। (2)

<u>अथवा</u>

खोजपरक पत्रकारिता किसे कहते हैं?

प्र.16 भवानी प्रसाद मिश्र अथवा त्रिलोचन का काव्यगत परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भावपक्ष – कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.17 प्रेमचन्द अथवा सत्यजित राय का साहित्यिक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए – (3)

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा–शैली

(iii) साहित्य में स्थान

प्र.18 'चरित्र सबसे बड़ा धन है' का भाव पल्लवन कर लिखिए। (3)

<u>अथवा</u>

'क्रिकेट' खेल के संबंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

प्र.19 निम्नलिखित अपठित गद्यांश/पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए – (3)

जिस प्रकार वैदिक धर्म का आधार वेद है, उसी प्रकार उत्तरकालीन हिंदू धर्म का आधार पुराण है। पुराण का अर्थ प्राचीन वर्णन या आख्यान है। पुराणों में वैदिक गाथाओं का व्याख्यान किया गया है। प्राचीन घटनाओं के विस्तृत वर्णन पुराण के नाम से विख्यात हुए। पुराणों ने अपना स्वरूप तीसरी शताब्दी ई.पू. में ही लेना आरम्भ कर दिया था।

पुराणों का वर्ण्य विषय अत्यन्त व्यापक है। प्राचीन घटनाओं तथा विभिन्न विषयों का इनमें अतिशयोक्तिपूर्ण तथा कल्पना से भरपूर वर्णन है। ये आलंकारिक शैली में किंतु सरल संस्कृत भाषा में लिखे गए हैं।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) पुराणों में किसका व्याख्यान किया जाता है?

(iii) एक शताब्दी में कितने वर्ष होते हैं?

<u>अथवा</u>

मैत्री की राह बताने को,
सबको सुमार्ग पर लाने को,
दुर्योधन को समझाने को,
भीषण विध्वंस बचाने को,
भगवान् हस्तिनापुर आये,
पांडव का संदेशा लाये।

प्रश्न –

(i) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(ii) भगवान हस्तिनापुर क्यों आये हैं?

(iii) पांडव का संदेश कौन लाए हैं?

प्र.20 दिए गए पद्यांश का सन्दर्भ–प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए – (4)

छांड़ि दयी कुल की कानि, कहां करिहै कोई?
संतन ढिग बैठि–बैठि, लोक–लाज खोयी
अंसुवन जल सींचि–सींचि, प्रेम–बेलि बोयी
अब तो बेलि फैलि गयी, आणंद–फल होयी

<u>अथवा</u>

सबसे खतरनाक वह गीत होता है
आपके कानों तक पहुँचने के लिए
जो मरसिए पढ़ता है
आतंकित लोगों के दरवाजों पर
जो गुंडे की तरह अकड़ता है

प्र.21 दिए गए गद्यांश की सन्दर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या लिखिए – (4)

बिछुड़न–समय बड़ा करुणोत्पादक होता है। आपको बिछड़ते देखकर आज हृदय में बड़ा दुःख है। माई लार्ड! आपके दूसरी बार इस देश में आने से भारतवासी किसी प्रकार प्रसन्न न थे। वे यही चाहते थे कि आप फिर न आवें। पर आप आए और उससे यहाँ के लोग बहुत दुखित हुए। वे दिन–रात यही मानते थे कि जल्द श्रीमान यहाँ से पधारें। पर अहो! आज आपके जाने पर हर्ष की जगह विषाद होता है। इसी से जाना कि बिछुड़न समय बड़ा करुणोत्पादक होता है, बड़ा पवित्र, बड़ा निर्मल और बड़ा कोमल होता है।

<u>अथवा</u>

धनराम की संकोच, असमंजस और धर्म–संकट की स्थिति से उदासीन मोहन संतुष्ट भाव से अपने लोहे के छल्ले की त्रुटिहीन गोलाई को जाँच रहा था। उसने धनराम की ओर अपनी कारीगरी की स्वीकृति पाने की मुद्रा में देखा। उसकी आँखों में एक सर्जक की चमक थी, जिसमें न स्पर्धा थी और न ही किसी प्रकार की हार–जीत का भाव।

प्र.22 परीक्षा–काल में ध्वनि–विस्तारक यंत्र पर रोक लगाने हेतु जिलाधीश का एक आवेदन–पत्र लिखिए। (4)

<u>अथवा</u>

हाईस्कूल परीक्षा में प्रावीण्य सूची में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर अपने मित्र को बधाई–पत्र लिखिए।

प्र.23 निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा बनाकर निबन्ध लिखिए – (4)

(i) वर्तमान समय में इन्टरनेट की उपयोगिता

(ii) जीवन में खेलों का महत्त्व

(iii) विद्यार्थी जीवन और अनुशासन

(iv) पर्यावरण संरक्षण

(v) भारतीय समाज में नारी का स्थान